कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी , उत्तराखण्ड
Office: Chief Electoral Officer, Uttarakhand

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल 4-सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर देहरादून-248001

प्रेस विज्ञप्ति

प्रेस नोट–34 दिनांक 04 दिसंबर 2025

## प्रत्येक मतदाता तक पंहुच, समन्वय और संवाद अभियान

*– विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर प्रारम्भिक तैयारियां शुरु*
*– 2003 की मतदाता सूची से की जाएगी वर्तमान मतदाता सूची की मैपिंग*
*– हर मतदाता तक पंहुच सुनिश्चित करेंगे फिल्ड ऑफिसर*

देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य में प्री एसआईआर गतिविधियां शुरु कर दी गई हैं। इस चरण में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर प्रारम्भिक तैयारियां की जाएंगी, साथ ही एसआईआर के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके दृष्टिगत "प्रत्येक मतदाता तक पंहुच, समन्वय और संवाद" अभियान पर कार्य किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अलग–अलग वर्षो में इससे पूर्व 11 बार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) पूरे देश में संपादित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड में वर्ष 2003 में एसआईआर किया गया था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में आयोग द्वारा पहले चरण में बिहार और दूसरे चरण में 12 अन्य राज्यों में एसआईआर की प्रकिया गतिमान है। उन्होंने बताया कि आयोग का इस पूरी प्रकिया के पीछे उद्देश्य हर पात्र मतदाता को मतदाता सूची में शामिल करना है।

### "प्रत्येक मतदाता तक पंहुच, समन्वय और संवाद" अभियान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्री एसआईआर फेज में प्रदेश की वर्तमान मतदाता सूची में शामिल लगभग 40 वर्ष तक की आयु के ऐसे मतदाता जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज थे उनकी सीधे बीएलओ एप से मैपिंग की जाएगी। इसके साथ ही 40 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे मतदाता जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में किसी कारणवश नहीं है तो उनके माता–पिता अथवा दादा–दादी के नाम के आधार पर प्रोजनी के रुप में मैपिंग की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची www.ceo.uk.gov.in एवं www.voters.eci.gov.in पर सर्च की जा सकती है।

### राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से बीएल नियुक्त करने की अपील

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से अपने–अपने बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) नियुक्त करने की अपील की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 11733 बूथ के सापेक्ष 4155 बीएलए ही नियुक्त हैं।

### हेल्प डेस्क होगी स्थापित

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि सभी जनपदों में जिलाधिकारी,ईआरओ और बीएलओ को मतदाताओं के बीच अपनी पहुच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद एवं ईआरओ स्तर पर एक हेल्प डेस्क स्थापित की जा रही है ताकि मतदाताओं को आसानी से मदद मिल सके।

*******